Title: Need for doubling the Mauzzampur Narayan-Gajraula railway track in Moradabad Division and introduce a night train from Bijnore to Lucknow.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : आदरणीय अध्यक्ष जी, मुरादाबाद मंडल में जम्मू तवी-हावड़ा मेन लाइन और मुरादाबाद-दिल्ली मेन लाइन के बीच में दो जंक्शन हैं - मुअज्जमपुर नारायण और गजरौला। दोनों जंक्शन को मिलाने वाली जो लाइन है, वह अंग्रेज़ी शासन के समय का ट्रैक बना हुआ है। उस ट्रैक को बदलने के लिए और उसका दोहरीकरण कराने के लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी से लिखित में भी अनुरोध कर चुका हूँ और आपके माध्यम से भी पुनः अनुरोध करना चाहता हूँ। दूसरा यह ट्रैक बिजनौर मुख्यालय से गुजरता है। वहां से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए एक अतिरिक्त ट्रेन चलाई जाए क्योंकि केवलमात्र वहां बिजनौर के पैसेन्जर ही नहीं बल्कि जिला मेरठ और मुजफ्फरनगर के यात्री भी बिजनौर से लखनऊ जाना चाहते हैं। वहां एक अतिरिक्त ट्रेन की माँग मैं आपके माध्यम से करना चाहता हूँ। इसके साथ साथ बिजनौर और चांदपुर रेल्वे स्टेशनों के दोनों तरफ जो मैनुअल फाटक हैं, उनकी वजह से वहां पर जाम लगा रहता है। इसलिए मैं अनुरोध करना चाहता हूँ कि उन्हें हाइड्रॉलिक फाटक में बदला जाए।